# श्री आदिनाथ चालीसा
# (Shri Aadinath Chalisa)

## ॥ श्री आदिनाथ चालीसा॥

॥ दोहा॥
**शीश नवा अरिहंत को,**
**सिद्धन को, करूं प्रणाम ।**
**उपाध्याय आचार्य का,**
**ले सुखकारी नाम ॥**

सर्व साधु और सरस्वती,
जिन मन्दिर सुखकार ।
आदिनाथ भगवान को,
मन मन्दिर में धार ॥

**॥ चौपाई ॥**
जै जै आदिनाथ जिन स्वामी ।
तीनकाल तिहूं जग में नामी ॥

वेष दिगम्बर धार रहे हो ।
कर्मो को तुम मार रहे हो ॥

हो सर्वज्ञ बात सब जानो ।
सारी दुनियां को पहचानो ॥

नगर अयोध्या जो कहलाये ।
राजा नाभिराज बतलाये **॥4॥**

मरुदेवी माता के उदर से ।
चैत वदी नवमी को जन्मे ॥

तुमने जग को ज्ञान सिखाया ।
कर्मभूमी का बीज उपाया ॥

कल्पवृक्ष जब लगे बिछरने ।
जनता आई दुखड़ा कहने ॥

सब का संशय तभी भगाया ।
सूर्य चन्द्र का ज्ञान कराया **॥8॥**

खेती करना भी सिखलाया ।
न्याय दण्ड आदिक समझाया ॥

तुमने राज किया नीति का ।
सबक आपसे जग ने सीखा ॥

पुत्र आपका भरत बताया ।
चक्रवर्ती जग में कहलाया ॥

बाहुबली जो पुत्र तुम्हारे ।
भरत से पहले मोक्ष सिधारे **॥12॥**

सुता आपकी दो बतलाई ।
ब्राह्मी और सुन्दरी कहलाई ॥

उनको भी विध्या सिखलाई ।
अक्षर और गिनती बतलाई ॥

एक दिन राजसभा के अंदर ।
एक अप्सरा नाच रही थी ॥

आयु उसकी बहुत अल्प थी ।
इसलिए आगे नहीं नाच रही थी **॥16॥**

विलय हो गया उसका सत्वर ।
झट आया वैराग्य उमड़कर ॥

बेटो को झट पास बुलाया ।
राज पाट सब में बंटवाया ॥

छोड़ सभी झंझट संसारी ।
वन जाने की करी तैयारी ॥

राव हजारों साथ सिधाए ।
राजपाट तज वन को धाये **॥20॥**

लेकिन जब तुमने तप किना ।
सबने अपना रस्ता लीना ॥

वेष दिगम्बर तजकर सबने ।
छाल आदि के कपड़े पहने ॥

भूख प्यास से जब घबराये ।
फल आदिक खा भूख मिटाये ॥

तीन सौ त्रेसठ धर्म फैलाये ।
जो अब दुनियां में दिखलाये **॥24॥**

छै: महीने तक ध्यान लगाये ।
फिर भजन करने को धाये ॥

भोजन विधि जाने नहि कोय ।
कैसे प्रभु का भोजन होय ॥

इसी तरह बस चलते चलते ।
छः महीने भोजन बिन बीते ॥

नगर हस्तिनापुर में आये ।
राजा सोम श्रेयांस बताए **॥28॥**

याद तभी पिछला भव आया ।
तुमको फौरन ही पड़धाया ॥

रस गन्ने का तुमने पाया ।
दुनिया को उपदेश सुनाया ॥

पाठ करे चालीसा दिन ।
नित चालीसा ही बार ॥

चांदखेड़ी में आय के ।
खेवे धूप अपार **॥32॥**

जन्म दरिद्री होय जो ।
होय कुबेर समान ॥

नाम वंश जग में चले ।
जिनके नहीं संतान ॥

तप कर केवल ज्ञान पाया ।
मोक्ष गए सब जग हर्षाया ॥

अतिशय युक्त तुम्हारा मन्दिर ।
चांदखेड़ी भंवरे के अंदर **॥36॥**

उसका यह अतिशय बतलाया ।
कष्ट क्लेश का होय सफाया ॥

मानतुंग पर दया दिखाई ।
जंजीरे सब काट गिराई ॥

राजसभा में मान बढ़ाया ।
जैन धर्म जग में फैलाया ॥

मुझ पर भी महिमा दिखलाओ ।
कष्ट भक्त का दूर भगाओ **॥40॥**

**॥ सोरठा ॥**

पाठ करे चालीसा दिन,
नित चालीसा ही बार ।
चांदखेड़ी में आय के,
खेवे धूप अपार ॥

जन्म दरिद्री होय जो,
होय कुबेर समान ।
नाम वंश जग में चले,
जिनके नहीं संतान ॥

************

# Shri Aadinath Chalisa

(in English)

**ll doha ll**

sheesh nava arihant ko,
siddhan ko, naamaankan pramaan patr ll
aachaary ka aachaary,
le sukhakaaree naam ll

sarv saadhu evan sarasvatee,
jin mandir sukhakaar ll
aadinaath bhagavaan ko,
man mandir mein dhaar ll

**ll chaupaee ll**

jay jay aadinaath jin svaamee ll
teenakaal tihoon jag mein naamee ll

vesh digambar dhaar rahe ho ll
karmo ko tum maar rahe ho ll

ho sarvagy baat sab jaano ll
saaree duniyaan ko pahachaano ll

nagar ayodhya jo kahalaaye ll
raaja naabhiraaj batalaaye **ll4 ll**

merudevee maata ke uddhaar se ll
chait vadee navamee ko chhath ll

tumhen jag ko gyaan sikhaaya ll
karmabhoomi ka beej upaay ll

kalpavrksh jab laage bichhadane ll
janata aaee dukhada darshan ll

sabaka sanshay tabhee khatm ll
soory chandr ka gyaan sootr **ll8 ll**

khetee karana bhee sikhaaya ll
nyaay dand aadik samaaj ll

tumane raaj kiya neeti ka ll
sabak tumase jag ne paath ll

putr aapaka bhaarat bataaya ll
sahakarmee jag mein kahalaaya ll

babeeta jo putafe ll
bhaarat se pahale moksh siddhare **ll12 ll**

suta aapakee do baaten ll
braahmee aur sundaree kahalaee ll

yahaan bhee vidya sikhaee jae ll
akshar aur ginatee batalaee ll

ek din raajasabha ke andar ll
ek apsara naach rahee thee ll

aayu usakee bahut alpaavadhi thee ll
aage isalie naach rahee thee **ll16 ll**

ekeekaran usaka satvar ho gaya ll
jhat aaya vairaagy brahmaandakar ll

beto ko jaldee paas bulaaya gaya ll
raaj paat sab mein bantavaaya ll

sabhee jhanjhat sansaaree chhodo ll
van jaane kee karee taiyaaree ll

raav hajaaro saath sidhae ll
raajapaat taj van ko dhaaye **ll20 ll**

lekin jab tum tapana ll
sabane apana raasta lena ll

vesh digambar tajakar sabane ll
chhaatr aadi ke kapade pahane ll

bhookh pyaas se jab ghabaraaye ll
phal aadi khaaye bhookhaaye ll

tri sau trisath dharm vikhanditaye ll
jo ab duniyaan mein dikhalaaye **ll24 ll**

chh: maas tak dhyaan sthaan ll
phir bhajan karane ko dhaaye ll

bhojan vidhi jaane nahin koy ll
prabhu ka bhojan kaise hoy ll

isee tarah bas chalaana ll
chhah maas bhojan bin darshan ll

nagar hastinaapur mein aaye ll
raaja som shreyaans raajavansh **ll28 ll**

yaad aa gaya pichhalee baar ka bhaav ll
tumako toornaament hee padhaaya ll

ras babool ka maalik paaya ll
duniya ko upadesh siddhaant ll

paath chaaleesa kare din ll
nit chaaleesa hee baar ll

chaandakhedee mein aay ke ll
kheve dhoop apaar **ll32 ll**

janm daaridri hoy jo ll
hoy kuber samaan ll

naam raajavansh jag mein chale ll
jo nahin sant ll

taip kar keval gyaan paaya ll

moksh gaya sab jag harshaaya ll

atishay yukt divy mandir ll
chaandakhedee bhanvare ke bheetar **ll36 ll**

ye hai atishay batalaaya ll
kasht klesh ka hoy safaaya ll

maanatung par daya dikhaee dee ll
janjeere sab kaat giraee ll

raajasabha mein man varg ll
jain dharm jag mein phailaaya ll

mujhe bhee mahima dikhalao ll
atibhakt ka door bhagao **ll40 ll**

**ll soratha ll**
paath chaaleesa kare din,
nit chaaleesa hee baar ll
chaandakhedee mein aay ke,
kheve dhoop apaar ll

janm daaridree hoy jo,
hoy kuber samaan ll
naam raajavansh jag mein chale,
jo nahin sant **ll**

*********